


## एक नजर में

### शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के लिए ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन हुआ

**गोगावा।** शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के लिए मंगलवार को विकास खंड गोगावा की शासकीय शालाओं में पड़ने वाले कक्षा 2री से 8वी तक के बच्चो की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन ब्लाक के छः संकुल केंद्रों पर संपन्न हुई। खंड स्त्रोत समन्वयक विवेक शर्मा ने बताया की विकासखंड की शासकीय शालाओं में कक्षा दूसरी से आठवीं तक पड़ने वाले पंजीकृत छात्र छात्राओं की योग्यता व शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के लिए जनशिक्षा केंद्र स्तर की इस वर्ष यह ओलंपियाड परीक्षा को आयोजीत की गई विकास खंड में शालाओं के माध्यम से पंजीकृत 2432 नन्हे छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शामिल होकर प्रश्न पत्र को हल कर शिक्षा के प्रति अपना ज्ञान हासिल किया। सुबह 11बजे से आयोजित इस परीक्षा में संकुल केंद्र गोगावा की उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में संकुल के 404छात्रों ने सम्मिलित होकर परीक्षा दी बीआरसी विवेक शर्मा ने बताया की इस परीक्षा में चयनित बच्चे आने वाले समय में जिले स्तर पर परीक्षा में शामिल होंगे जिनकी परीक्षा भी विकासखंड स्तर पर आगामी तारीख में आयोजित की जाएगी उधर इस परीक्षा को आयोजित कराने में प्रभारी प्राचार्य अमृतलाल डोंगरे बीएसी अजय कुशवाह,नरेंद्र वर्मा, जनशिक्षक चंद्रभानसीह, प्रभारी परीक्षा सहायक संतोष मुकाती, वरिष्ट शिक्षक कय्यूम खान, रामलाल पंवार,प्रदीप बडोले, जाहिदा खान,रेखा यादव, सपना सांवले, साजीदा खान, माया नायर,मनोज सोलंकी आदि शिक्षको का सराहनीय योगदान रहा।



### सनावद तहसील कार्यालय : बाउंड्री वॉल निर्माण से बढ़ेगी सुरक्षा, व्यवस्था में आएगी नई जान

**सनावद।** : खरगोन जिले के सनावद तहसील कार्यालय परिसर में लंबे समय से चली आ रही पार्किंग, सुरक्षा और सफाई की समस्याओं का समाधान होते नजर आ रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा शुरू कराया गया बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है, जो न केवल परिसर को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि आने-जाने वाले नागरिकों को भी राहत प्रदान करेगा। तहसील कार्यालय के आसपास की खुली जगहों पर आवारा पशुओं का घुसना, असामाजिक तत्वों द्वारा नशे का सेवन और वाहनों की चोरी जैसी घटनाएं आम हो चुकी थीं। इन समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासन ने बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया है।इससे पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित हो जाएगी और पूरे परिसर की साफ-सफाई में भी सुधार आएगा। स्थानीय निवासी अब बिना किसी चिंता के तहसील कार्यालय पहुंच सकेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला ने बताया, 'यह निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।बाउंड्री वॉल पूरी होने के बाद परिसर में अनधिकृत प्रवेश पूरी तरह बंद हो जाएगा।हमारा लक्ष्य है कि सनावद तहसील एक आदर्श सरकारी कार्यालय के रूप में विकसित हो।' स्थानीय व्यापारी मुस्तन अली बोहरा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'पहले वाहन चोरी का डर रहता था, लेकिन अब यह समस्या खत्म हो जाएगी। यह कदम सनावद की जनता के लिए वरदान साबित होगा।' निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के अनुसार, बाउंड्री वॉल का अधिकांश भाग पूर्ण हो चुका है और अगले कुछ दिनों में यह कार्य समाप्त हो जाएगा।प्रशासन ने इस प्रोजेक्ट के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया है, ताकि गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो। सनावद के निवासियों दुर्गा शंकर पाटीदार, मुस्तन अली बोहरा, अमित कोचर, डॉ वंदना अधिकारी, रश्मि पाटीदार,आशीष मित्तल, चंचल नारानिया, पवन कर्मा, वकील राधेश्याम सेन, भगवान सेन, नवनीत सेन, गणेश पटेल, सोनू मंडलोई,ने इस प्रयास के लिए प्रशासन को बधाई दी है।उम्मीद है कि यह निर्माण न केवल तहसील को सुंदर बनाएगा, बल्कि क्षेत्र की समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।



### श्रीमत भागवत कथा सुनने के लिए श्रोताओं की भीड़ उमड़ी

**बिस्टान नि प्र।** मां नर्मदा व श्री पूर्णानंद बाबा के मंदिर के पास पटेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमत भागवत कथा सुनने के लिए श्रोताओं की भीड़ उमड़ी।सोमवार को कथा का विराम हुआ।अंतिम दिन श्री कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया। आयोजित कथा में व्यासपीठ से शिव कोठी के पं शैलेंद्र शास्त्री ने कहा भागवत कथा सुनने वाला भाग्यवान होता हैं। मुख्य यजमान दुलीचंद पटेल , ठाकुर देवनारायण सिंह , बद्री पटेल , विधायक केदार डावर आदि ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। अंत में आरती के बाद नगरवासियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने भंडारे मैं प्रसादी ग्रहण की।



### राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए बापना पब्लिक स्कूल के 3 छात्रों का हुआ चयन

**गोगावा।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की 19 नवम्बर से 23 नवम्बर तक कुक्षी में आयोजित होगी जिसमें बापना पब्लिक स्कूल के छात्रा किंजल लोकेंद्र यादव, प्रियांशी देवेंद्र सिंह चौहान , ऋषि दिनेश यादव इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।तीनों बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य गजेन्द्र पंड्या, डायरेक्टर सरिता बापना व खेल शिक्षक अखिलेश मालवीय एवम् समस्त स्टाफ ने तीनो छात्रों पर हर्ष जताया व उज्वल भविष्य की कामना की।



### भीकनगांव नगर को विधायक निधि से मिलास्वर्ग रथ

**भीकनगांव।** भीकनगांव नगर को विधायक निधि से मिलास्वर्ग रथ, चाबी सौंपी गई नगर परिषद कोभीकनगांव। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक झूमाध्यान सिंह सोलंकी ने अपनी विधायक निधि से भीकनगांव नगर को स्वर्ग रथ की महत्वपूर्णसौगात प्रदान की। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ग रथ की चाबीसोपी विधायक सोलंकी ने कहा कि नगर मेंलंबे समय से स्वर्ग रथ की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इसके उपलब्ध होने सेअंतिम यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं में आसानी होगी। उन्होंने नगर परिषद सेअपेक्षा जताई कि स्वर्ग रथ का संचालन नियमपूर्वक,पारदर्शिता के साथ तथा जनता की सुविधाको ध्यान में रखकर किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित नगर की मुक्तिधाम विकास समितिके सदस्यों ने विधायक सोलंकी का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इसके उपरांतविधायक ने स्वर्ग रथ की चाबी नगर परिषद को सौंपते हुए इसके सुचारू संचालन का आग्रहकिया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुधा विजय महाजन,उपाध्यक्ष अखिलेश भार्गव,सांसद प्रतिनिधि नकुल कापसे, मुक्तिधाम विकाससमिति अध्यक्ष शिव शर्मा, समिति सचिव अशोकझाझरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश बजाज, प्रवीण जैन, अरविंद जैन, अतुल सगर सहित नगर के समाजसेवी,पत्रकारगण तथा नगर परिषद के सभीकर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय रहा।



# कलेक्टर भव्या मित्तल सर्वश्रेष्ठ जिले का राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित

## जिला पंचायत सीईओ सिंह ने ग्रहण किया जल संचय जनभागीदारी 1 .0 पुरस्कार


नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** खरगोन कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल को जल संरक्षण कार्यों के लिए पश्चिम क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का 6वे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। जिले में 4.21 लाख जलसंरचनाएं निर्मित कर 2.31 करोड़ घनमीटर जल भंडारण क्षमता बढ़ाई गई है।राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में कलेक्टर सुश्री मित्तल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल द्वारा जल संचय जनभागीदारी 1.0 अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।जिले को पश्चिमी क्षेत्र में श्रेणी 3 अंतर्गत 13वां स्थान हासिल करने के परिणामस्वरूप 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। जिले में 5606 जल संरक्षण कार्य पूर्ण कर सत्यापित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि खरगोन जिले में नदियों के संरक्षण और तटों के जीर्णोद्धार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। नर्मदा, नानी, वंशावली और बोराड़ नदियों के 8000 हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्षरित लैंडस्केप को स्टॉप डैम, चेक डैम, खेत तालाब, लूस बोल्डर स्ट्रक्चर के माध्यम से संरक्षित किया गया। सहायक नदियां, जो पहले नवंबर या दिसंबर तक सूख जाती थीं, अब अप्रैल माह तक अविरल रहती हैं। कुंदा नदी के जलग्रहण क्षेत्र के किनारे 627 स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई 106 एकड़ भूमि में निधिवन स्थापित कर पर्यटन स्थल बनाया गया है। जिले में काउंटर ट्रेंच, चेक डैम, पर्कोलेशन टैंक, गली प्लग और गैबियन जैसे कुल 4,21,182 कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हुई है। जिले के सभी जल निकायों की मैपिंग कर राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि की गई है और 45 ऐतिहासिक बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया गया है।जिले में सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत 48,975 हेक्टेयर क्षेत्रफल आता है, जिसमें आंकलन वर्ष में कुल 3,290 हेक्टेयर नया क्षेत्रफल जोड़ा गया है; 37,042 कृषकों को इसका लाभ मिल रहा है। जिले में 156 नए अमृत सरोवर सहित 2,31,75,828 घनमीटर की जल भंडारण क्षमता बनाई है। ग्रामीण विकास विभाग की वाटरशेड विकास- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 एवं मनरेगा से उपरोक्त कार्यों का क्रियान्वयन प्रमुखता से किया गया है।

### नागरिकों और शासकीय सेवकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया

जिले में अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण के लिए 15 इकाइयां, 4 मलजल उपचार संयंत्र, 94 अपशिष्ट स्थिरीकरण कुंड संचालित हैं।5400 हेक्टेयर में 30 लाख वृक्षों का पौधारोपण किया गया है जिनमें से 95 प्रतिशत वृक्ष जीवित हैं।मनरेगा योजनांतर्गत 3,80,000 पौधे और निजी फलोद्यान में 2,66,412 अमरूद के पौधे लगाए गए हैं, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हुई है।जल संरक्षण और प्रबंधन की दिशा में 2,277 सफाई अभियान, 605 क्षमता निर्माण कार्यशाला, 200 ग्राम पंचायतों में कलश यात्रा का आयोजन, 147 जल चौपाल का आयोजन कर नागरिकों और शासकीय सेवकों का जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया है।






जल संचय जन भागीदारी 1 .0 अभियान के अंतर्गत 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 5606 जल संरक्षण कार्य पूर्ण कर जिओ टैगिंग उपरांत पोर्टल पर सत्यापित किए गए हैं, जिनमें खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर-ट्रेंच, सोकपिट, चेकडैम, कपिलधारा आदि प्रमुख जल संरचनाएं शामिल हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी से वर्षा जल संचयन के अलावा पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिले में 757 जल संरक्षण कार्य प्रगतिरत हैं।

## बालिकाएं सोशल मीडिया का सोच समझ कर प्रयोग करें

**मंडलेश्वर।** आजकल सोशल मीडिया का दुरुपयोग ज्यादा हो रहा है विशेषकर वाट्सएप के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति में भी कुछ लोग फंस कर अपना बैंक बेलेंस दाव पर लगा रहे है। इसलिए वाट्सएप पर भी सावधानी पूर्वक किसी से चैट करे।यह बात मंडलेश्वर एस डी ओ पी श्रीमती श्वेता शुक्ला ने शासकीय कन्या हाय स्कूल धरगांव में मध्य प्रदेश पुलिस के विशेष अभियान मुस्कान 2025 के तहत कही।आपने कहा कि वाट्सएप पर भेजी गई किसी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोच ले आजकल इनविटेशन के नाम पर भी लोग सायबर फ्रॉड कर सकते है कोई निमंत्रण की लिंक आपने क्लिक की और आपका सारा डेटा ट्रांसफर किया जा सकता है। इसलिए किसी भी हालत में ओ टी पी भी शेयर नहीं करे। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर किसी अंजान से उसकी सुंदर फोटो देखकर इंप्रेस नहीं होना है किसी भी अंजान व्यक्ति से दोस्ती करने से बचें साथ ही अपने फोटो वीडियो अपलोड नहीं करे। बालिकाएं किसी अंजान व्यक्ति से लिफ्ट लेने से भी बचें।कुछ लड़कियां छोटी सी परेशानी आने पर भी डिप्रेस हो जाती है।और आत्म हत्या करने पर उतारू हो जाती है यह जीवन हमें जीने के लिए मिला है छोटी मोटी समस्याओं से घबराकर मौत को गले लगाना ठीक नहीं है क्योंकि आपका जीवन बड़ा अनमोल है आपके माता पिता को आपसे बहुत उम्मीद होती है उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आप अच्छे से पढ़ाई करे और उनका सपना पूरा करे।पुलिस अधिकारी ने बालिकाओं का आव्हान किया कि वे किसी के बहकावे में नहीं आए 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका की सहमति मान्य नहीं की जाती है।आपने पॉक्सो एक्ट बाल विवाह मोटर व्हीकल एक्ट सहित विभिन्न कानूनों की जानकारी भी प्रदान की।स्कूल की छात्रा कुमारी मुस्कान पवार ने पुलिस अधिकारी से एम पी पी एस सी की परीक्षा के बारे में सवाल किया जिसका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया।कार्यक्रम का संचालन पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने कियाअतिथि स्वागत हाय स्कूल प्राचार्य सुरेश पाटीदार ने किया आभार संकुल प्राचार्य डॉ आर सी मिश्रा ने माना इस अवसर पर शिक्षक के एल पटेल वंदना सोहनी माया पाटीदार सहित छात्राएं उपस्थित रही।



## कच्ची शराब भट्टियां, पुलिस और आबकारी अमले ने किया ध्वस्त

**बड़वाह।** जंगलों में चोरी- छिपे चल रही अवैध शराब भट्टियों पर मंगलवार को पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई की गाज गिरी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार टीम ने बड़वाह, बलकवाड़ा, काटकूट पुलिस चौकी के साथ आबकारी अमले ने ग्राम टिटवा पलासिया, रावत पलासिया, मठ पलासिया और पातलीमाल के जंगलों में नदी किनारे संचालित हो कच्ची शराब की भट्टियों के ठिकानें पर दबिश दी। यहां पुलिस ने कुल 30 ड्रम में करीब 5000 किलो ग्राम कीमती करीब 05 लाख का महुआ लाहन व भट्टियों को नष्ट किया है। कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से कि गई। टीम ने तड़के दबिश दी, जिससे उनके पहुंचने की किसी को सूचना न मिले। हालांकि कार्रवाई के दौरान कोई गिरफ्तारी नही कि गई है।



## निमाड़ उत्सव में महेश्वर के मां रेवा तट पर दिखेगी खरगोन की बेटियों की प्रतिभा

**महेश्वर।** कला, संस्कृति, अध्यात्मक, बौद्धिक और रचनात्मकता को मंच देने के लिए महेश्वर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाले निमाड़ उत्सव में प्राचीन नृत्य कला कत्थक की प्रस्तुति भी होगी।22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले निमाड़ उत्सव के दौरान समापन अवसर पर 24 सितंबर को कत्थक नृत्य संस्थान खरगोन के मंझे हुए कलाकारों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। संस्थान की संचालिका गौरी देशमुख एवं समूह द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगी। वहीं गायक कलाकार शिवानी देशमुख एवं मंथन प्रजापति के सुमधुर गायन तथा सुधाकर शिंदे द्वारा तबला वादन से संगीत का सुंदर संगम देखने को मिलेगा।संस्थान की कॉर्डिनेटर श्रीमती ममता हिरवे ने बताया कि 24 नवंबर को संस्थान की मुखिया एवं शिष्या बालिकाओं की ओर से नर्मदाष्टकम, श्रीकृष्ण लीला, द्रोपदी चीरहरण, मोहन खेलत होली पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। नृत्य, गीत और संगीत का यह संगम मां रेवा के तट पर उत्सव में भव्यता और उल्लास जोडने का प्रयास करेगा।



## कार्यशाला में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया

**बड़वाह निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा प्रचार प्रसार के लिए और अशासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आरएनटी कॉलेज मोटक्का में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न की गई। शासकीय महाविद्यालय बड़वाह की छ्रद्रश्च नोडल अधिकारी डॉ नीतू परसाई द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश 14 (1) अनुसार स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन संरचना एवं अध्यादेश 14(2) के अनुसार स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु नवीन संरचना एवं स्वयं पोर्टल तथा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट /अपार आईडी के संबंध में पीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। आपने विद्यार्थियों को ऑनर्स एवं ऑनर्स वीथ रिसर्च पाठ्यक्रम के अंतर के बारे में विस्तार से समझाया आपने कहा कि विद्यार्थियों को अभी से मेहनत करके 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करना चाहिए जिससे वह रिसर्च के क्षेत्र में अपना उज्जवल कैरियर बना सकते हैं। डॉ नीतू परसाई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया। जिसमें मेजर माइनर एमडीसी व्यावसायिक विषय फील्ड प्रोजेक्ट इंटर्नशिप वैल्यू एडेड कोर्स एवं सामुदायिक जुड़ाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस वर्ष से सिंगल मेजर एवं डबल मेजर की सुविधा प्रदान की गई है एवं केवल प्रथम वर्ष के लिए भाषा आधारित पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी में बहुविकल्पीय प्रश्नों को हटाकर अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय रूप में मुख्य परीक्षा में शामिल किया गया है । द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पिछले वर्ष की भांति ओएमआर शीट पर ही परीक्षा होगी ।



## खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग सिटी लीग का सफलता पूर्वक आयोजन




**कसरावद निप्र।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व खेल एवं युवक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा निर्देशित एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन पैरामाउंट एकेडमी, कसरावद खरगोन मध्य प्रदेश किया गया। इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की बालिकाओ ने भाग लिया। जिसमें संत सियाराम इंटरनेशनल स्कूल लोधी की अलग अलग केटेगरी में संत सियाराम स्कूल की छात्रा भूमिका पिता किसन सर्वर और सारिका शैलेन्द्र पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर के गोल्ड मेडल जीता वयम आकांक्षा पिता प्रशांत सोनी ओर लाभान्शी मुकेश वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर के सिल्वर मेडल जीता ओर व्रती भूपेंद्र जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर के ब्रॉन्ज मेडल जीता इन बालिकाओं का चयन भोपाल में होने वाले जोनल ट्रायल के लिए हुआ है।

**एक नजर में** — पूंजी वाले धन के बजाय पुण्य वाला धन कमाए , नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

# संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन किया

अरविंद जैन

**भीकनगांव।** नगर के झिरन्या रोड स्थित नर्मदेश्वर नागेश्वर मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया चहुंओर वातावरण कृष्णमय हो गया।
कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की,यशोदा को लालो भयो जय कन्हैया लाल की भजनों से गूंज उठा, हजारों की संख्या में पंडाल में उपस्थित महिला पुरुष व बच्चे सभी श्रद्धालु कृष्णभक्ति में झूमने लगे। बधाइयां गाई गई, मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। इससे पहले भागवत कथा वाचक श्रीप्रभु जी नागर ने कथा के चौथे दिन सोमवार को गजमुक्ति प्रसंग, समुद्र मंथन, महा संग्राम के वृत्तांत के साथ ही भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब तब परमात्मा अवतार धारण कर धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं।- जैन धर्म में अन्न व जल त्याग करने बाद जो उपवास करता है। घर बार व सब सुविधा होने के बाद भी उनका सभी का त्याग करना बुद्धी को श्रेष्ठ बनाता है। लेकिन घर में लड़कर जो रोटी छोड़ दे उसका कभी सम्मान नहीं होता है। स्वयं के हाथ से दिया दान ही ईश्वर स्वीकार करते है जब हम अपना हाथ लम्बा करके रक्त देते है तो उसे रक्तदान कहते है, वहीं रात भर मच्छर हमार खुन चुसते है वो दान नहीं होता है। बड़े संत महात्माओ जैसे नरसिंह मेहता, मीराबाई, रविदास सभी के पास धन, प्रयोजन सब था लेकिन फिर भी उन्होंने सेवा की आज का आदमी इसे फालतु समझता है।

